दिनांक : 31.05.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

लोकसभा सातवा चरण चुनाव

लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है। सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए 7वें और अंतिम चरण का मतदान कल होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिसा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए मतदान होगा। मतदान कल सुबह सात बजे शुरू होगा। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर और कांग्रेस के नेता विक्रमादित्य सिंह और टीएमसी के नेता अभिषेक बनर्जी सहित प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भाग्य कल ईवीएम में बंद हो जाएगा।

.....................................................................

मतगणना तैयारियां

इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां जारी हैं। मतगणना नेहरू स्टेडियम में होगी। इस कार्य में लगने वाले लगभग 700 अधिकारी–कर्मचारी को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का दूसरा और अंतिम सत्र आज होलकर साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया है। शिवपुरी जिला प्रशासन द्वारा भी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में आज मतगणना कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण शिवपुरी के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया गया। इस मौके पर इस प्रशिक्षण में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। देवास लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली आगरमालवा विधानसभा तथा राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले जिले के सुसनेर विधानसभा सीटों के वोटो की आगरमालवा के पॉलिटेक्निक कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई राजनैतिक दलों की बैठक में बताया गया कि मतगणनाकर्मियों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया है वही द्वितीय प्रशिक्षण 02 जून को दिया जाएगा।

.....................................................................

देवी अहिल्याबाई

देवी अहिल्याबाई की जयंती के उपलक्ष्य में आज इंदौर में अनेक आयोजन हो रहे हैं। शाम को अभय प्रशाल में आयोजित समारोह में शंकराचार्य ज्ञाननंद तीर्थ, महामंडलेश्वर किरणदास साबू,आरएसएस के सहकार्यवाह कृष्णगोपाल सहित अन्य वक्ता शामिल होंगे। देवी अहिल्या जन्मोत्सव समिति जाल सभागृह में देवी अहिल्या गौरव सम्मान से उद्योगपति विनोद अग्रवाल को सम्मानित करेगी। वहीं, शिवाजी नगर में अहिल्या प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यह प्रतिमा जयपुर से बनाकर लाई गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लोक कल्याण हेतु कर्तव्य व सेवा की पथ प्रदर्शक, परम श्रद्धेय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर शत्–शत् नमन करता हूँ। काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर से लेकर उज्जैन के महाकाल तक, गुजरात के सोमनाथ से आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम तक चारों दिशाओं में तीर्थस्थलों पर आपने जीर्णोद्धार व निर्माण कार्यों से सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित किया, जो सनातन संस्कृति को सदैव गौरवान्वित करता रहेगा।

.....................................................................

निषेध दिवस

दुनियाभर में आज का दिन विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में इस अवसर पर कई जनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धूम्रपान जीवन के लिए घातक होने के साथ पर्यावरण को भी क्षति पहुंचाता है। उन्होंने समाज को धूम्रपान से मुक्त कराने के प्रयासों से जुड़ने और स्वस्थ समाज से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण के लिए आम लोगो का आव्हान किया। प्रदेश के सभी जिलों में तंबाकू उत्पादों के प्रयोग के प्रति आमजन को हतोत्साहित करने एवं जन जागरूकता के लिए शपथ, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता नाटक मंचन, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर एवं परामर्श सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल में कलेक्टर कार्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली जा रही है। साथ ही तंबाखू से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में विशेष ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इस वर्ष यह दिवस "बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना " के उद्देश्य की पूर्ति हेतु मनाया जा रहा है। खजुराहो रेलवे स्टेशन परिसर में ब्रह्मकुमारी बहनों ने नशा मुक्त समाज बनाने का दिया संदेश। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि तंबाकू, गांजा ,भांग, सिगरेट, बीड़ी,अफीम, जैसे मादक पदार्थों का उपयोग न करें, यह मानव जीवन में कैंसर जैसी भयानक बीमारी

पैदा करते हैं। कटनी में भी  मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयां एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को मुक्त कराने के लिये जन–जागृति कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित आज किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' पर आधारित गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।  रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी शासकीय कर्मचारियों को तंबाकू का सेवन कर कार्यालय आने और परिसर को गंदा करते पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

.....................................................................

मौसम

भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर–निवाड़ी समेत 18 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच कल सीधी जिला सबसे गर्म रहा। यहां तापमान रिकॉर्ड 48.2 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि खजुराहो में 47 डिग्री और निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 46.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में 15 से 20 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इसके चलते कई जिलों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। एक जून से हीटवेव यानी, गर्म हवाओं का असर भी कम होगा। इस दिन कुछ जगहों पर बारिश होने संभावना भी है। कटनी में गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा के हित मे निर्णय लेते हुए जिले मे  एक जून से 14 जून तक 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन स्थगित कर दिया गया है।

.....................................................................